# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित सत्रहवें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त इक्यावन हजार से अधिक कर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। इन मेलों के माध्यम से ही ग्यारह लाख से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने 'विकसित भारत योजना' की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढे तीन करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। प्रधानमंत्री ने स्किल इंडिया मिशन से हो रहे बदलावों के बारे में भी चर्चा की।

**स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियानों के जरिए युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहीं साथ ही नेशनल करियर सर्विस प्लेटफार्म जैसे इनीशिएटिव उन्हें नए अवसरों से भी जोड़ रहे हैं। इसके माध्यम से अब तक सात करोड़ से अधिक वैकेंसीज, इसकी जानकारी युवाओं को दी जा चुकी है।**

रोजगार मेलों में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और आगरा सहित देश भर में चालीस स्थानों पर प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, वाराणसी रोजगार मेले में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और आगरा में आयोजित मेले में केन्द्रीय पंचायती राज एवं पशुपालन राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान उन्हें विभागीय अभियन्ताओं की सेवा संरचना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से नियमावली में किए जा रहे संशोधन के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, राज्य की विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में एक प्रमुख विभाग है। ऐसे में अभियन्ताओं की सेवा नियमावली को समयानुकूल, व्यावहारिक और पारदर्शी बनाना अत्यन्त आवश्यक है।

**********

वाराणसी जिला जज के न्यायालय ने आज ज्ञानवापी में विवादित स्थल को ढकने वाले कपड़े को बदलने की अनुमति दे दी। जिला न्यायाधीश संजीव शुक्ला के न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए यह अनुमति दी। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि कपड़े के बदलने की तारीख बाद में तय की जाएगी।

**********

कल नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरुआत हो जाएगी। एक रिपोर्ट–

***छब्बीस अक्टूबर को खरना होगा और सत्ताइस अक्टूबर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सत्ताइस अक्टूबर को लखनऊ में ही सूर्य को पहला अर्घ्य देकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। वहीं, आगामी अट्ठाइस अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। इस बीच, प्रदेश के सभी जिलों में छठ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पर्व की खरीददारी के लिए उमड़े श्रद्धालुओं के कारण आज बाजारों में भारी भीड़भाड़ रही। पर्व को देखते हुए प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नागरिकों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने बताया कि बिहार सहित देश भर के श्रद्धालु इस पर्व की तैयारियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुटे हुए हैं।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइस सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों से कृषि क्षेत्र और किसानों को हो रहे लाभ को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के अंतर्गत विभिन्न कृषि उपकरणों जैसे स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और हार्वेस्टिंग मशीनरी पर जीएसटी दर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे यह आवश्यक उपकरण किसानों के लिए और अधिक सुलभ हो गए हैं। जीएसटी 2.0 के तहत जैव कीटनाशकों और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों को भी पांच जीएसटी स्लैब में शामिल किया गया है, जिससे जैव आधारित कृषि को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, उर्वरक उत्पादन में उपयोग होने वाले कच्चे माल, जैसे अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड पर भी अब केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है, जिससे उत्पादन लागत में कमी होगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में आज से और पश्चिमी संभाग में कल से सत्ताइस अक्टूबर तक देर रात या सुबह के समय कहीं–कहीं हल्की धुंध या बहुत हल्के कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********